भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3218
दिनांक 11.03.2026 को उत्तर देने के लिए

राज्य सहायता मिशन

3218. **श्री दिनेश चंद्र यादव:**

श्री रामप्रीत मंडल:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति आयोग बिहार में अपना राज्य सहायता मिशन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त मिशन के मुख्य उद्देश्य क्या हैं; और

(ग) उक्त मिशन को शुरू किए जाने की तारीख क्या है और इसके अंतर्गत अब तक खर्च की गई कुल राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, हां। नीति आयोग बिहार में राज्य सहायता मिशन (एसएसएम) का संचालन कर रहा है।

(ख) एसएसएम का उद्देश्य राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के साथ नीति आयोग के साथ जारी सहभागिता को मजबूत और संस्थागत बनाना है। मिशन के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य परिवर्तन संस्थानों (एसआईटी) की स्थापना करने या मौजूदा राज्य योजना विभागों/बोर्डों, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विकास कार्यनीति का परिचालन करने के लिए बहु-विषयक संसाधन केंद्र के तौर पर कार्य कर सकते हैं को मजबूत करने हेतु वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) उक्त मिशन को वित्तीय वर्ष 2022-23 में लांच किया गया था। अब तक इसके तहत खर्च की गई कुल राशि का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

<u>अनुलग्नक</u>

श्री दिनेश चंद्र यादव एवं श्री रामप्रीत मंडल द्वारा राज्य सहायता मिशन के संबंध में दिनांक 11.03.2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3218 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक:

अब तक सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपयोग की गई निधि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

<u>सभी राशि- करोड़ रुपये में</u>

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी कुल राशि**	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपयोग की गई कुल राशि**
1	अंडमान और निकोबार	2.30	0.00
2	आंध्र प्रदेश	3.25	2.87
3	असम	1.37	0.13
4	बिहार	3.32	2.32
5	चंडीगढ़	1.96	0.27
6	छत्तीसगढ़	1.72	0.28
7	दादरा और नगर हवेली	1.68	0.00
8	दिल्ली	1.43	0.00
9	गोवा	2.08	0.01
10	गुजरात	3.41	2.02
11	हरियाणा	0.78	0.60
12	हिमाचल प्रदेश	2.59	1.23
13	जम्मू और कश्मीर	2.17	0.00
14	कर्नाटक	0.62	0.00
15	लद्दाख	2.15	0.00
16	लक्षद्वीप	1.61	0.54
17	मध्य प्रदेश	0.62	0.12
18	महाराष्ट्र	2.80	1.41
19	मेघालय	3.78	3.78
20	मिजोरम	4.15	3.47
21	नागालैंड	1.83	1.18
22	पुदुच्चेरी	1.42	0.94
23	पंजाब	1.05	0.29
24	राजस्थान	2.59	1.15
25	सिक्किम	1.62	0.61
26	तमिलनाडु	1.49	0.90

27	तेलंगाना	2.80	0.00
28	त्रिपुरा	4.59	1.85
29	उत्तर प्रदेश	1.73	1.63
30	उत्तराखंड	4.04	2.91

***